UDYAM REGISTRATION NUMBER UDYAM-CG-11-0005844

KOYTUR TIMES
www.koyturtimes.com

# कोयतुर टाइम्स

LIVE

एक कदम समाज की ओर

18 सितम्बर 2024




## 'विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना' थीम पर आधारित विकासशील भारत छायाचित्र प्रदर्शनी का कार्यक्रम रखा गया

एमसीबी: विकसित भारत: मोदी जी की संकल्पना' थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर में आज प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर पर आयोजित प्रदर्शनी में जिला प्रशासनिक अधिकारीयों व कर्मचारियों,जनदर्शन में आये ग्रामीण , मिडिया प्रतिनिधि सहित विभिन्न लोंगों ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आज आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न वर्ग के लोंग बड़ी संख्या में प्रदर्शनी को देखने पहुंचे और फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक देखी।

इस अवसर पर प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, मोदी 3.0, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान, डिजिटल से भुगतान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित अन्य विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

## कलेक्टर जनदर्शन में समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे रहे आम नागरिक

एमसीबी: कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने 17 सितम्बर 2024 को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए।

आज के जनदर्शन में आवेदक उपकार केशरवानी निवासी मनेंद्रगढ़ ने स्मरण पत्र के संबंध में, साथ ही, समस्त मजदूर निवासी बिहारपुर मजदूरी भुगतान न मिलने के संबंध में, सरिता द्विवेदी निवासी नई लेदरी जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ द्वारा अधूरी जानकारी प्रदान करने के संबंध में, उपकार केशरवानी निवासी मनेंद्रगढ़ सेवा निवृत्त अधीक्षक भू. अभिलेख एम. आई. इराकी के सभी तरह के रिटायरमेंट फंड रोके जाने के संबंध में, सतपाल सिंह सालूजा निवासी मनेंद्रगढ़ माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार पक्ष कार बनाकर जाँच की कार्यवाही पूर्ण कराने के संबंध में, सरिता बड़ा निवासी सोंस मूल पदस्थापना हेतु कार्यमुक्त करवाने के संबंध में, पूजा सोनकर निवासी शांतिनगर चौघड़ा प्रधानमंत्री आवास एवं आवास हेतु भूमि आबंटन के संबंध में, वृंदा राय निवासी नागपुर भूमि के संबंध में, अनिल पांडे निवासी मनेंद्रगढ़ अतिक्रमण हटाने के संबंध में, जगजीवन सिंह उईके निवासी भांवर महुआ फौति नामांतरण कराये जाने के संबंध में, जगजीवन सिंह उईके निवासी भांवर महुआ भूमि के संबंध में शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

कोयतुर टाइम्स

18 सितंबर 2024




# एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत सिरौली में आयोजित हुआ जिला स्तरीय स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम

एमसीबी: स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायत सिरौली में जिला स्तरीय स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्वच्छता रैली निकाली गई एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक द्वारा "पेड़ मां के नाम" पौधरोपण किया गया। साथ ही जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता विषय पर केंद्रित रहेगा। जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, रविशंकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य ऊषा करयाम ,जनपद पंचायत भरतपुर दुर्गा शंकर मिश्रा उपाध्यक्ष ,परियोजना निदेशक श्री नितेश कुमार उपाध्याय,जनपद सीईओ कु.वैशाली सिंह, ब्लॉक समन्वयक सुभाष परस्ते, प्रभा पयासी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वच्छाग्राही महिलाएं और ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# NIT रायपुर की छात्रा देविका उइके का विश्व स्तरीय ऑयल कंपनी Schlumberger में चयन

अंतागढ़: बस्तर संभाग की पहली और छत्तीसगढ़ की एकमात्र छात्रा देविका उइके का चयन विश्व प्रसिद्ध ऑयल कंपनी Schlumberger (SLB) में हुआ है। यह कंपनी संयुक्त राज्य अमेरिका के ह्यूस्टन में स्थित है और इसका कारोबार 120 देशों में फैला हुआ है। देविका वर्तमान में NIT रायपुर से B.Tech (मैकेनिकल) फाइनल ईयर की छात्रा हैं।

उनका चयन NIT रायपुर के जॉब प्लेसमेंट के दौरान हुआ। देविका के चयन से उनके परिवार और गांव लामपुरी (वर्तमान अंतागढ़) में खुशी का माहौल है। माता-पिता समेत सभी परिवारजनों ने उन्हें बधाई संदेश भेजे और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। Schlumberger ऑयल सेक्टर की टॉप कंपनियों में गिनी जाती है और देविका का इस कंपनी में चयन उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है।

न्यूज और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करे//सम्पर्क और व्हाट्सअप नम्बर
8879810101



# बलरामपुर में CAF जवान ने मिर्च नहीं देने पर चलाई गोली, 2 जवानों की मौत, 2 घायल

बलरामपुरः छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां केंद्रीय सशस्त्र बल (CAF) के एक जवान ने मिर्च नही देने पर अपने साथियों पर सर्विस रायफल से गोलियां चला दी। इस गोलीबारी में दो जवानों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घटना जिले के सामरी थाना क्षेत्र के भुताही कैंप की है। CAF की 11वी बटालियन में तैनात जवान अजय सिदार ने बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे अपने साथी जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस फायरिंग में CAF जवान रुपेश पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संदीप पांडेय और गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल इलाज के लिए कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही संदीप पांडेय ने दम तोड़ दिया । घायल गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला को दोनों पैरों में गोलियां लगी हैं। उन्हें कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर इलाज के लिए भर्ती एक अन्य जवान को भी भर्ती कराया गया है।

घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे अन्य जवानों ने आरोपी अजय सिदार को पकड़ लिया और उसे काबू में किया। घटना की सूचना मिलते ही बलरामपुर के एसपी राजेश अग्रवाल और पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना का असली कारण अभी तक स्पष्ट नही हो सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मिर्च नही देने को लेकर जवानों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद अजय सिदार ने यह कदम उठाया। सामरी पुलिस इस मामले की गहन जांच पूछताछ की जा रही।



# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के साथ बैठकर किया भोजन

रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने साथ में बैठकर भोजन कर रही जशपुर जिले के कुनकुरी निवासी श्रीमती फुलजेन्सिया एक्का और फरसाबहार की श्रीमती कुसुम से चर्चा करते हुए उनका एवं उनके परिवार का कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने वालों में जशपुर के श्री राम, कबीरधाम के श्री दौलतराम व श्री लालाराम, बस्तर के श्री लाहेन्द्र सिंह और श्रीमती सोनामणि, मुंगेली के श्री महेश और श्री समारू साहू, कांकेर की श्रीमती पूर्णिमा पटेल, बलौदाबाजार की श्रीमती हेमिन ध्रुव, रायपुर की श्रीमती रामबती पुरैना और श्री जट्टासिंग शामिल थे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक द्वय गुरु खुशवंत साहेब और श्री अनुज शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कोया पुनेम् गोंडवाना महासभा भारत से जुड़ने के लिए संपर्क करें।।

मनोज कमरों राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. न. 9827990501

राय सिंह श्याम प्रदेश अध्यक्ष मो. न. +76970 60919



# राज्य के सभी जिलों में खुलेंगे अन्नपूर्णा दाल भात केन्द्र : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में राज्य के सभी जिलों में अन्नपूर्णा दाल-भात केन्द्र और पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को श्रेष्ठ आवासीय विद्यालय में निःशुल्क अध्ययन की सुविधा देने के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा सहायता योजना शुरू करने की घोषणा की।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इस मौके पर श्रमिकों को विश्वकर्मा दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए 57 हजार से अधिक पंजीकृत परिवारों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 49.43 करोड़ रूपए की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से उनके खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में श्रमवीरों को शाल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने श्रम विभाग द्वारा तैयार की गई कॉफी टेबल बुक 'क्रेडल्स ऑफ होप' का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिकों के हित में श्रम विभाग द्वारा शुरू किए गए श्रमेव जयते एप और श्रमिक हेल्पलाइन नंबर की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में उन्होंने ढाई से 3 साल तक केंद्र में श्रम राज्य मंत्री के रूप में काम किया। तब श्रमिकों को बहुत ही कम पेंशन राशि मिलती थी। प्रधानमंत्री की पहल पर यह राशि बढ़ाकर एक हजार रूपए की गई। साथ ही प्रोविडेंट फंड बनाकर श्रमिकों को यूनिवर्सल नंबर आबंटित किए गए। इस यूनिवर्सल नंबर के जरिए श्रमिकों को देश के किसी भी स्थान जाने पर इस स्थायी नंबर के जरिए विभिन्न लाभ मिलते हैं। इसी प्रकार श्रमिक भाई पीएफ की राशि क्लेम नहीं करते थे, उन्हें 27 हजार करोड़ रूपए दावा राशि का भुगतान कराया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार में योजनाओं के क्रियान्वयन में सुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। श्रमिकों को आज विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। श्रमिकों के बीच अब कोई बिचौलिया नहीं आएगा। श्रमिकों को अब राशि सीधे उनके बैंक खातों में मिल रही है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए संचालित अनेक कल्याणकारी योजनाएं जिसे पिछली सरकार ने बंद कर दी थी। मुख्यमंत्री श्री साय उन योजनाओं को पुनः शुरूआत कर रहे हैं। यह श्रमिकों के लिए खुशी का अवसर है। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के श्रमिकों के हित अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा 235 करोड़ रूपए अलग-अलग योजना के माध्यम से सहायता राशि श्रमिकों को प्रदान की गई है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रमेव जयते एप और शिकायत निवारण पोर्टल एवं टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। अब श्रमवीरों द्वारा किसी भी समय अपने शंका, समस्या का निवारण घर बैठे कर सकते हैं। रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि श्रमवीर हमारे प्रदेश के रीढ़ की हड्डी है, इनके दम पर ही हमारा राज्य प्रगतिशील है। श्रमवीरों के सच्चे सम्मान के लिए हमारी सरकार हमेशा कार्यरत है। उन्होंने कहा कि श्रमवीरों के बच्चों के भविष्य व शिक्षा के लिए हमें बेहतर से बेहतर प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम में विधायक सर्वश्री मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, श्रम विभाग के सचिव सह श्रमायुक्त श्रीमती अलेरमंगई डी., इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, अपर श्रमायुक्त श्रीमती सविता मिश्रा एवं एल.ए. जांगड़े सहित बड़ी संख्या श्रमवीर, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

KOYTUR TIMES
WWW.KOYTURTIMES.COM
KOYTUR TIMES www.koyturtimes.com
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
CONTACT $ WHATSAPP NO .
8878810101
KOYTURTIMES@GMAIL.COM

# मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्रम विभाग की नई वेबसाइट श्रमेव जयते किया लॉन्च

रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में श्रम विभाग की वेबसाइट श्रमेव जयते को बटन दबाकर लाँच किया। इस वेबसाइट के डिज़ाइन को बेहतर बनाने के साथ डैशबोर्ड भी बनाया गया है। यह द्वि-भाषायी रहेगा जिससे हिन्दी और इंग्लिश, दोनों भाषा में सामग्री उपलब्ध रहेगी। यह नई वेबसाइट मोबाइल फ्रेंडली भी रहेगी।

वेबसाइट में ई-टिकटिंग प्रणाली श्रमिकों के शिकायत निवारण प्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर आसान बनाया है। इसमें आई शिकायत का समाधान भी सात दिन में किया जाएगा ऐसा न होने पर मामला ऑनलाइन उच्च अधिकारियों तकचला जाएगा। सम्मेलन में 0771 3505050 हेल्पलाइन नंबर भी उपस्थित श्रमिकों के साथ साझा किया गया।



# मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री श्री एच.डी. कुमार स्वामी ने सौजन्य मुलाकात की

रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से उनके निवास में केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री श्री एच.डी. कुमार स्वामी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस्वामी का अपने निवास में आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने श्री कुमारस्वामी को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस्वामी के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने, दोनों उपक्रमों और राज्य सरकार के मध्य और बेहतर समन्वय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों उपक्रमों सेल और एनएमडीसी को सीएसआर मद के कार्यों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगरनार अंचल में स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के अधिक से कार्य किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकें।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आये केन्द्रीय मंत्री श्री कुमारस्वामी बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट और भिलाई स्टील प्लांट का निरीक्षण करने के बाद आज राजधानी रायपुर पहुंचे। सेल के चेयरमेन श्री अमरेन्दु प्रकाश, एनएमडीसी के सीएमडी श्री अमिताव मुखर्जी, मुख्यमंत्री और खनिज साधन विभाग के सचिव श्री पी.दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और श्री राहुल भगत, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक श्री अनिर्बान दासगुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।



# दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में जशप्योर टीम करेगी नवाचारों का प्रदर्शन

रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जशपुर के आदिवासी युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने कार्य कर रहे हैं। जिले में विभिन्न प्रकार के वनोपज पाए जाते हैं। जिनका उत्पाद तैयार करके दिल्ली तक भी पहुंचाया जा रहा है, ताकि स्थानीय युवाओं और महिलाओं को लाभ मिल सके। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला प्रशासन की विशेष पहल पर अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में जशप्योर टीम वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में नवाचारों का प्रदर्शन करने जा रही है। जिला प्रशासन स्टॉल स्थान सुरक्षित करने, यात्रा और आवास व्यवस्था को सुविधाजनक बनाने में सहायता कर रहा हैं। यह पहल स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने और आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जशप्योर का दल प्रतिष्ठित वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 कार्यक्रम में जशपुर का प्रतिनिधित्व करेगा। टीम 19 से 22 सितंबर 2024 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होगें। जहॉं महुआ उत्पादों के साथ अपने अभूतपूर्व नवाचारों की जानकारी देगें। जिसका लक्ष्य इस पारंपरिक सामग्री को आम थाली में लाना है।

## महुआ और बाजरा आधारित उत्पादों के साथ नवाचार

युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने बताया कि जशप्योर एक महत्वपूर्ण लघु वनोपज, महुआ फूलों का उपयोग करके नवीन उत्पाद विकसित करने में सबसे आगे रहा है। हमारी टीम महुआ-आधारित उत्पादों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन करेगी जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ती है, स्थिरता और पोषण पर जोर देती है। महुआ उत्पादों के अलावा, हम अपने बाजरा-आधारित उत्पादों का भी प्रदर्शन करेंगे, जिनमें पास्ता, कुकीज़ और कोल्ड-प्रोसेस्ड, ढेकी कुटा जवाफूल चावल शामिल हैं, जो बाजरा के पोषण संबंधी लाभों और बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करते हैं।

उन्होंने बताया कि हमारे मुख्य उददेश्य महुआ को रोजमर्रा के भोजन में शामिल करना है, जिससे यह दुनिया भर के घरों में मुख्य भोजन बन जाए। यह पहल न केवल महुआ के पोषण संबंधी लाभों को बढ़ावा देती है बल्कि इसके संग्रह और प्रसंस्करण में शामिल आदिवासी समुदायों की आजीविका का भी समर्थन करती है।

## आदिवासी महिलाओं और स्व सहायता समूह सदस्यों को सशक्त बनाना

अनेश्वरी भगत और प्रभा साई, दो समर्पित एसएचजी सदस्य, इस कार्यक्रम में जशप्योर टीम का हिस्सा होंगे। उनकी भागीदारी आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके योगदान को प्रदर्शित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के बारे में

भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 एक प्रमुख कार्यक्रम है जो वैश्विक खाद्य उद्योग के हितधारकों को एक साथ लाता है। इस आयोजन में खाद्य क्षेत्र में निवेश और नवाचारों को बढ़ावा देने वाली प्रदर्शनियाँ, सम्मेलन और नेटवर्किंग के अवसर शामिल हैं।



# आस्था ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन से किया रवाना

दुर्ग/भिलाई: अयोध्या के भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आज आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। पंथी नृत्य के बीच जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। रेलवे स्टेशन राम मय नजर आया। रेलवे स्टेशन में राम भक्तों को तिलक, माला पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर एक बजे दुर्ग शहर विधायक श्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, एडीएम श्री अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ श्री अश्वनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग श्री हरवंश सिंह मिरी सहित रेलवे अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया।



# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के पांव पखारकर जनसेवा का दिया अद्वितीय उदाहरण

**रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'मोर आवास मोर अधिकार' कार्यक्रम में अपने प्रशासनिक और राजनीतिक जीवन का एक भावुक और अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनसेवा की नई मिसाल कायम करते हुए हितग्राहियों के पांव पखारकर उनका आशीर्वाद लिया।**

**मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इसके माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को यह संदेश भी दिया है की वे स्वयं को आम जनता से ऊपर न समझकर स्वयं को जनता का सेवक समझें और मानवीय दृष्टिकोण से आदर के साथ आमजन की समस्याओं को सहृदयतापूर्वक सुनकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा हितग्राहियों के पांव पखार कर आशीर्वाद लेना छत्तीसगढ़ में जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच विश्वास और सेवा का प्रतीक बन गया है।**



# गोण्डवाना समाज के तत्वाधान में गोण्डी विधि से सम्पन्न हुआ विवाह समारोह

**कबीरधाम: विगत 16 सितम्बर 2024 को स्थान खण्डवा महल हरमों, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में गोण्डवाना समाज की तत्वाधान में सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाहन करते हुए गोण्डवाना दुल्हीपेन-दुल्हापेन विवाह गोण्डी विधि अनुसार सम्पन्न कराया गया। इस विवाह में दूल्हा लयोर तुलेश मरावी ग्राम राली, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ एवं दुल्हन लया बिजमती मरकाम ग्राम भरतपुर, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ शामिल हुए।**

**समारोह में गोण्डवाना समाज के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से आंदमुठवापोय अधर्मी अनार्य डॉ जे लिंगो जी (राष्ट्रीय संरक्षक, गोण्डवाना समाज इंडिया), तिरूमाल बी आर धुमकेती जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, गोण्डवाना समाज इंडिया), तिरूमाल नारायणासुर लाल मरकाम जी (संस्थापक, गोण्डवाना शासकीय कर्मचारी यूनियन छत्तीसगढ़), तिरूमाल नोहर सिंह धुर्वे जी (प्रदेश उपाध्यक्ष, गोण्डवाना समाज छत्तीसगढ़), तिरूमाल मिल्खा पोर्ते जी (जिलाध्यक्ष, गोण्डवाना समाज कबीरधाम छत्तीसगढ़), तिरूमाल अनिल धुर्वे जी, तिरूमाल रेवन मरावी, और अन्य गणमान्य सामाजिक व्यक्तित्व शामिल थे।**

**इस अवसर पर गोण्डवाना समाज की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का आदर करते हुए विवाह समारोह सम्पन्न हुआ।**




# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आवासहीन परिवारों को मकान निर्माण के लिए 2044 करोड़ रूपए की राशि का किया ऑनलाईन अंतरण

रायपुर छत्तीसगढ़: प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्म दिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त 2044 करोड़ रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण की मौजूदगी में मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम राजधानी स्थित रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।


प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र, द्वार तोरण, पूजा सामग्री प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपने साकार हो रहा हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। लाभार्थियों का हमने पांव धोकर स्वागत किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान आम आदमी की सबसे बुनियादी आवश्यकताएं हैं, लेकिन आज़ादी के कई दशक बाद भी देश के करोड़ों नागरिकों के पास स्वयं का मकान नहीं हैं। आवासहीन परिवारों के मकान के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है ।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पूरे देश में 32 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, उनमें से लगभग 30 फीसदी आवास छत्तीसगढ़ को मिला है। यह राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री बनने के बाद हमने सबसे पहला काम 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी थी। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हज़ार हितग्राहियों के खाते में पहली किश्त का अंतरण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएम आवास योजना में एक रुपए की भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सीधे कलेक्टर के ऊपर कार्रवाई होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखने के साथ ही अपने घर एवं आस-पास के परिवेश सहित स्कूलों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के इतिहास को लिखने का दिन है। छत्तीसगढ़ के आवासहीन लोगों के जीवन में एक नई रोशनी मिलेगी। हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा किया है। यह सामाजिक न्याय और समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 4 करोड़ आवास बनाकर गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। इसके साथ ही मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवासों की स्वीकृति दी गई है जिससे यह योजना और अधिक प्रभावी हो रही है।उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। सरकार बनते ही हर महीने 25 हजार नए आवास बनकर तैयार हो रहे हैं। एक लाख 96 हजार आवास बनकर तैयार हो गए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24 हजार आवास भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से अब तक छत्तीसगढ़ को 8 लाख 47 हजार आवास आवंटित किए गए हैं, जबकि 47 हजार आवास मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिए एक बड़ा उपहार है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। गांव-गांव में जिन लोगों के नाम सर्वे सूची में नहीं आए हैं उनके नाम भी अब सूची में जोड़े जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित तकनीकी मार्गदर्शिका का विमोचन और गृह पोर्टल का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पोर्टल आवास योजना को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा और हितग्राही बिना किसी कठिनाई के अपने घर का निर्माण कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित मन्त्रिमंडल के सदस्यों ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, श्री इन्द्रकुमार साहू और श्री गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे।


1857 क्रांति स्वतंत्रता सेनानी व गोंड़वाना के महाराजा
शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह जी
के बलिदान दिवस पर शत् शत् नमन..!
कोयतुर टाइम्स & कोया पुनेम् गोंडवाना महासभा